Cancer Council

HINDI
हिन्दी

Understanding **Chemotherapy**

# कीमोथेरेपी को समझना

*कैंसर से पीड़ित लोगों के लिए मार्गदर्शिका*

**यह फैक्ट शीट कीमोथेरेपी को और अधिक अच्छी तरह से समझने में आपकी मदद करने के उद्देश्य से बनाई गई है, यह कैंसर से पीड़ित कुछ लोगों को दिए जाने वाला उपचार है।**

## कीमोथेरेपी क्या है?

कीमोथेरेपी में कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने और उन्हें बढ़ने से रोकने के लिए दवाओं का उपयोग किया जाता है। विभिन्न प्रकार की कीमोथेरेपी दवाएँ उपलब्ध हैं।

कीमोथेरेपी का उपयोग सर्जरी या रेडिएशन थेरेपी से पहले या बाद में, या रेडिएशन थेरेपी के साथ किया जा सकता है। मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट कीमोथेरेपी और अन्य कैंसर दवाओं से कैंसर का उपचार करने में विशेषज्ञता रखते हैं।

## कीमोथेरेपी क्यों दी जाती है?

कीमोथेरेपी का प्रयोग निम्नलिखित कारणों के लिए किया जा सकता है:

**मुख्य उपचार के रूप में –** इसका उद्देश्य कैंसर के संकेतों और लक्षणों को कम करना या रोकना है।

**उपचार से पहले कैंसर को कम करने के लिए –** सर्जरी या रेडिएशन थेरेपी जैसे मुख्य उपचार को अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए कीमोथेरेपी दी जा सकती है।

**कैंसर के दोबारा पीड़ित होने की संभावना को कम करने के लिए –** बची हुई कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के उद्देश्य से सर्जरी या रेडिएशन थेरेपी जैसे अन्य उपचार के बाद भी कीमोथेरेपी दी जा सकती है।

**फैल चुके कैंसर के लिए –** कीमोथेरेपी का उपयोग कैंसर के बढ़ने की गति को कम करने और उसे कुछ समय के लिए फैलने से रोकने के लिए किया जा सकता है।

**लक्षणों से राहत पाने के लिए –** दर्द और अन्य लक्षणों युक्त कैंसर को कम करते हुए कीमोथेरेपी से जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है।

## कीमोथेरेपी कैसे दी जाती है?

अधिकांश कीमोथेरेपी नस के माध्यम से दी जाती है। इसे अंत:शिरा या IV कीमोथेरेपी के नाम से जाना जाता है। IV कीमोथेरेपी के लिए, आपकी नर्स आपकी बांह में सुई के साथ एक छोटी ट्यूब डाल सकती है – इसे कैनुला कहते हैं।

यदि आप कई कीमोथेरेपी सेशन लेने वाले हैं, तो आपका डॉक्टर आपको सेंट्रल वेनस एक्सेस डिवाइस (CVAD) जैसी कोई डिवाइस लगवाने की सलाह दे सकता है – एक बार लगवाने पर यह डिवाइस विभिन्न सेशनों में अपनी जगह पर रह सकती है। CVAD लगवाने वाले कुछ लोग कीमोथेरेपी के लिए पोर्टेबल पंप का उपयोग कर सकते हैं।

कभी-कभार कीमोथेरेपी अन्य तरीकों जैसे कि निगली जाने वाली गोलियों (ओरल कीमोथेरेपी), त्वचा पर लगाई जाने वाली क्रीम, या शरीर के विभिन्न भागों में इंजेक्शन के माध्यम से भी दी जाती है।

आपकी कीमोथेरेपी किस तरह से होगी, यह आपके कैंसर के प्रकार और कीमोथेरेपी के लिए उपयोग की जा रही दवाओं के आधार पर निर्भर करता है। आपकी उपचार टीम आपको दवा देने के सबसे सही तरीके के बारे में निर्णय लेगी।



## क्या कीमोथेरेपी दर्दनाक होती है?

यदि आपकी कीमोथेरेपी के लिए कैनुला या इंजेक्शन का उपयोग किया जाता है, तो आपको आमतौर पर हल्की सी चुभन महसूस होगी, ठीक वैसे ही जैसे ब्लड टेस्ट करवाते वक्त होती है। यदि आपके शरीर में CVAD लगा है, तो आपको हर बार कैनुला डालने की आवश्यकता नहीं रहेगी।

जब कीमोथेरेपी की दवा कैनुला या CVAD के माध्यम से नस में डाली जाती है, तो आपको ठंडक का एहसास हो सकता है।

कुछ कीमोथेरेपी की दवाओं से नसों में सूजन (फ्लेबिटिस) हो सकती है, जिससे कुछ दिनों तक दर्द महसूस हो सकता है। यदि आपके साथ ऐसा होता है, तो अपनी उपचार टीम से बात करें ताकि वे आपकी बैचनी या दर्द को कम करने में मदद कर सकें।

## कीमोथेरेपी में कितना समय लगेगा?

आपको कितनी बार और कितने समय तक कीमोथेरेपी करवानी होगी, यह आपके कैंसर के प्रकार, उपचार के कारण, उपयोग की जा रही दवाओं और आप पर पड़ने वाले वाले दुष्प्रभावों पर निर्भर करता है।

कीमोथेरेपी आमतौर पर उपचार की अवधि के रूप में दी जाती है, जिसके बाद आराम की अवधि होती है।। इसे चक्र कहा जाता है।

सर्जरी से पहले या बाद में अक्सर 6 महीने तक कीमोथेरेपी से उपचार चल सकता है, लेकिन समय अलग हो सकता है। दोबारा कैंसर को होने से रोकने या कैंसर को नियंत्रित करने या लक्षणों से राहत देने के लिए दी जाने वाली कीमोथेरेपी कई महीनों या सालों तक चल सकती है।

## मेरी कीमोथेरेपी कहाँ होगी?

अधिकांश लोग दिन में अस्पताल या उपचार केंद्र में जाकर कीमोथेरेपी करवाते हैं। कुछ मामलों में, रात भर या लंबे समय तक अस्पताल में रहने की आवश्यकता हो सकती है।

ओरल कीमोथेरेपी या पंप का उपयोग करने वाले लोग आमतौर पर घर पर ही अपना उपचार करवा सकते हैं। कुछ मामलों में कोई नर्स आपको घर पर ही आपकी नस के माध्यम से या इंजेक्शन से कीमोथेरेपी दे सकती है।

*"मेरे कीमो इन्फ्यूजन में लगभग 8 घंटे का समय लगा क्योंकि इसके दौरान मुझे 2 दवाएँ और एक नमकीन घोल दिया गया था।"* CHERYL

### कीमोथेरेपी के दुष्प्रभाव

आप दुष्प्रभावों का सामना करते /ती हैं या नहीं और ये कम प्रभावशाली हैं या अधिक, यह आपको दी जाने वाली दवा और खुराक पर निर्भर करता है। आपकी प्रतिक्रिया में भी एक उपचार चक्र से दूसरे तक में बदलाव हो सकता है। यदि आप किसी भी दुष्प्रभाव का सामना करते / ती हैं, तो अपनी कैंसर उपचार टीम को बताएँ।

**थकान (थकावट महसूस करना)**
यह कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों में से सबसे सामान्य है। यह उपचार समाप्त होने के 12 महीने या उससे अधिक समय तक भी रह सकता है।

**जी मिचलाना और उल्टी का मन होना**
आप बीमार जैसा महसूस कर सकते हैं और आपकी भूख में भी बदलाव आ सकता है। आपको आमतौर पर जी मिचलाने और उल्टी को नियंत्रित करने में मदद के लिए दवा दी जाएगी।

**बालों का झड़ना**
सभी कीमोथेरेपी दवाओं से बाल नहीं झड़ते हैं। यदि आपके बाल झड़ते हैं, तो उपचार समाप्त होने के 4-12 महीने बाद नए बाल आ जाने चाहिए।

**दस्त लगना या कब्ज़ होना**
पेट संबंधी समस्याओं का सामना करना कीमोथेरेपी उपचार के दुष्प्रभावों में से सबसे सामान्य है। इन्हें नियंत्रित रखने के बारे में अपने डॉक्टर या फार्मासिस्ट से बात करें।

**संक्रमण होने का  जोखिम बढ़ जाना**
कीमोथेरेपी से आपकी श्वेत रक्त कोशिका का स्तर कम हो सकता है, जिससे आपके शरीर के लिए संक्रमण का सामना करना मुश्किल हो जाता है।

**याददाश्त की समस्या**
कुछ लोग कीमोथेरेपी के बाद ध्यान केंद्रित करने या चीज़ों को याद रखने में मुश्किल का सामना करते हैं।

**मुँह में घाव या छाले होना**
कुछ कीमोथेरेपी दवाओं के कारण मुँह की स्वस्थ कोशिकाएँ को नुकसान पहुंच सकता है और मुँह में घाव, छाले और संक्रमण हो सकते हैं।

दुष्प्रभाव आमतौर पर अस्थायी होते हैं और  इनका  उपचार किया जा सकता है। ऐसा हो सकता है कि कुछ दुष्प्रभाव कई महीनों या सालों तक भी दिखाई न दें। इन्हें देर से होने वाले दुष्प्रभाव कहा जाता है।

## कैंसर के उपचार के लिए अन्य दवा थेरेपी

कीमोथेरेपी के अलावा कैंसर के उपचार के लिए अन्य दवा उपचारों का भी उपयोग किया जाता है। इनमें लक्षित उपचार, इम्यूनोथेरेपी और हार्मोन थेरेपी शामिल हैं। कीमोथेरेपी की तरह ही, इन्हें कैंसर विरोधी दवा उपचार या व्यवस्थित कैंसर विरोधी थेरेपी के नाम से जाना जाता है।

हर दवा उपचार कैंसर कोशिकाओं को समाप्त करने के लिए विभिन्न तरीकों से काम करता है। इन अन्य दवा उपचारों का उपयोग कीमोथेरेपी, सर्जरी या रेडिएशन थेरेपी से पहले या बाद में किया जा सकता है। आपकी कैंसर उपचार टीम आपके लिए सबसे सही उपचार योजना के बारे में सलाह देगी।

## क्या कीमोथेरेपी से मेरी प्रजनन क्षमता प्रभावित होगी?

कीमोथेरेपी आपके बच्चे पैदा करने की क्षमता (प्रजनन क्षमता) को प्रभावित कर सकती है। यह अस्थायी या फिर स्थायी रूप से भी हो सकता है और यह आपके कैंसर के प्रकार और उपचार पर निर्भर करता है।

यदि आप भविष्य में बच्चे चाहते /ती हैं, तो कीमोथेरेपी शुरू करने से पहले अपने डॉक्टर से यह जान लें कि उपचार का आप पर क्या प्रभाव हो सकता है और आपके लिए क्या विकल्प उपलब्ध हैं।

अंडे, भ्रूण, अंडाशय टिश्यू या स्पर्म को भविष्य में उपयोग करने के उद्देश्य से एकत्रित और संग्रहित किया जा सकता है। लेकिन ऐसा कीमोथेरेपी शुरू करने से पहले किया जाना आवश्यक है।

*"मेरी पिता बनने की चाह थी। मैं नहीं चाहता था कि कैंसर मुझसे मेरी यह चाह छीन ले, इसलिए मैंने उपचार शुरू होने से पहले ही स्पर्म को संग्रहित कर लिया था।"* ZAC

## कुछ ऐसे प्रश्न जो आप अपने डॉक्टर से पूछना चाहेंगे

प्रश्न पूछने से आपको सूचित निर्णय लेने में मदद मिलती है। कुछ ऐसे प्रश्न जो आप अपने डॉक्टर से पूछ सकते हैं:

- मुझे कीमोथेरेपी क्यों करवानी चाहिए?
- जिस कैंसर से मैं पीड़ित हूँ, उसके लिए कीमोथेरेपी कितनी सफल है?
- क्या मुझे अन्य उपचार भी करवाने होंगे?
- मेरा उपचार कैसे किया जाएगा?
- कीमोथेरेपी में कितना खर्चा होगा?
- मुझे कितने समय तक कीमोथेरेपी करवानी होगी?
- मुझे कैसे पता चलेगा कि उपचार मेरे लिए सही तरह से काम कर रहा है?
- इसके संभावित जोखिम और दुष्प्रभाव क्या हैं? दुष्प्रभाव कितने समय तक रहेंगे?
- दुष्प्रभावों से राहत पाने के लिए क्या किया जा सकता है?
- क्या कीमोथेरेपी से मेरा यौन जीवन और प्रजनन क्षमता प्रभावित होंगी?

▸ और अधिक प्रश्नों के बारे में जानने के लिए, अपनी भाषा में अपने डॉक्टर से पूछे जाने वाले प्रश्न - फैक्ट शीट देखें।

### अपनी भाषा में मदद और जानकारी कहाँ से प्राप्त करें

- **Cancer Council को 13 11 20 पर कॉल करें।** हम आपको दुभाषिया सेवाओं से जोड़ सकते हैं और आपकी भाषा में संसाधन भी दे सकते हैं।
- **TIS नेशनल को 131 450 पर कॉल करें।** यह निशुल्क दुभाषिया सेवा है जो आपको अपनी मेडिकल अपॉइंटमेंट के लिए या Cancer Council से संपर्क करने के लिए किसी दुभाषिए से जोड़ सकती है।

▸ **How to find this resource in English and other languages.** Visit our multilingual hub at cancercouncil.com.au/multilingual or scan this QR code.

SCAN ME

**अभिस्वीकृति**

इस फैक्ट शीट को Cancer Council NSW ने Cancer Council Australia की Understanding Cancer serie (कैंसर को समझना) श्रृंखला से मिली जानकारी को स्रोत-सामग्री के तौर पर उपयोग करके बनाया है। हम इस जानकारी पर काम करने वाले सभी स्वास्थ्य पेशेवरों और उपभोक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

इस फैक्ट शीट के लिए विशेषज्ञ और उपभोक्ता समीक्षकों की सूची के लिए हमारी वेबसाइट देखें।

**पाठकों के लिए ध्यान रखने योग्य बात**

अपने स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले मामलों के बारे में सदैव अपने डॉक्टर से सलाह लें। यह फैक्ट शीट सामान्य जानकारी के तौर पर बनाई गई है और यह किसी भी प्रकार की पेशेवर मेडिकल, कानूनी या वित्तीय सलाह का विकल्प नहीं है। मेडिकल और अनुसंधान समुदायों द्वारा कैंसर के बारे में जानकारी को हमेशा अपडेट और संशोधित किया जाता है। हालांकि प्रकाशन के समय सटीकता सुनिश्चित करने पर पूरा ध्यान दिया गया है, लेकिन Cancer Council Australia और इसके सदस्य इस फैक्ट शीट में दी गई जानकारी के उपयोग या निर्भरता से होने वाली किसी भी चोट, हानि या क्षति के लिए सभी दायित्वों से मुक्त हैं।

इस अनुवाद को NSW के लोगों की उदारता से धन-राशि प्राप्त है। Cancer Council की सहायता करने के लिए, 1300 780 113 पर कॉल करें या cancercouncil.com.au पर जाएँ।

*Cancer Council NSW पूरे ऑस्ट्रेलिया में देश के पारंपरिक मालिकों और भूमि, समुद्र और समुदायों के साथ उनके निरंतर जुड़ाव को मान्यता प्रदान करता है। हम एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर संस्कृति और भूतपूर्व और वर्तमान बुजुर्गों के प्रति अपना सम्मान प्रकट करते हैं।*

Cancer Council

CAN26620 06/25 © Cancer Council Australia 2025